# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2024–25 किया पेश, वित्त वर्ष 2025–26 में झारखंड की आर्थिक वृद्धि दर सात दशमलव पांच प्रतिशत रहने का अनुमान।**
- **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार झारखंड राय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल, कहा – शिक्षा नवाचार और आत्मनिर्भरता राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरू, कर्मचारियों और पेंशनरों को 5 से 10 लाख तक का मिलेगा मुफ्त इलाज।**
- **झारखंड में मौसम का उतार चढ़ाव जारी, कल उत्तर–पश्चिमी जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना।**
- **आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला जारी, अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को दिया 274 रनों का लक्ष्य।**

*******************

झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विधानसभा में आज आर्थिक सर्वेक्षण 2024–25 प्रस्तुत किया। आकाशवाणी से बातचीत में श्री किशोर ने सर्वेक्षण की विशेषताओं के बारे में कहा कि वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य की आर्थिक वृद्धि सात दशमलव सात प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025–26 में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में सात दशमलव पांच प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्तीय अनुपूरक बजट पारित होने के बाद विधानसभा की कार्यवाही 3 मार्च तक स्थगित कर दी गई। इसी दिन राज्य का वार्षिक बजट पेश किया जाएगा।

*******************

कैग रिपोर्ट में झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। प्रधान महालेखाकार इंदु अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोरोना काल की अक्षमता को उजागर किया। **रेमडेसिविर वायल** के वितरण में भारी अनियमितता और सरकारी योजनाओं में खामियां मिलीं। भवन निर्माण परियोजनाओं और श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाओं में भी गड़बड़ी पाई गई। रिपोर्ट में 2016–17 से 2021–22 के बीच स्वास्थ्य संरचना की गंभीर खामियों की ओर इशारा किया गया।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची स्थित झारखंड राय विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह में शिक्षा, नवाचार और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विकसित भारत–2047 दृष्टिकोण और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व को रेखांकित किया। समारोह में 393 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई, जिसमें 92 छात्राएँ भी शामिल रहीं।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत राज्यकर्मियों, पेंशनरों और विश्वविद्यालय कर्मियों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। गंभीर बीमारियों की स्थिति में 10 लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। विशेष परिस्थितियों में लाभुकों को एयर एंबुलेंस की सुविधा भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना राज्य के लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है।

*******************

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने वर्ष 2024–25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर आठ दशमलव दो पांच प्रतिशत की ब्याज दर को अपरिवर्तित रखा है और उसी दर पर ब्याज देने की सिफारिश की है। सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के ईपीएफ खातों का प्रबंधन करने वाले ईपीएफओ ने वर्ष 2022–23 में ईपीएफ ब्याज दर को आठ दशमलव एक पांच प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2023–24 में आठ दशमलव दो पांच प्रतिशत कर दिया था। ईपीएफओ की सिफारिश को मंजूरी के लिए केंद्रीय वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा। सरकार की मंजूरी के बाद ही ब्याज राशि कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों में जमा की जाएगी।

*******************

गढ़वा जिले के नीलांबर–पीतांबर बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक भवन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समारोह का आयोजन हुआ। उपायुक्त शेखर जमुआर ने बालिकाओं, उनके माता–पिता और पहली बेटी की मां बनने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। डीएसपी यशोधरा ने बेटियों को सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने और अपनी सुरक्षा पर ध्यान देने की सलाह दी।

*******************

देवघर नगर निगम को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए नगर निगम की टीम लगातार प्रयास कर रही है।

*******************

**संक्षिप्त खबरें**

- लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। सड़क दुर्घटनाओं, अतिक्रमण, और यातायात नियमों को लेकर विभिन्न विभागों को निर्देश दिए गए। सड़कों पर स्पीड ब्रेकर, साइन बोर्ड लगाने और अंधेरे इलाकों में स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए।
- सिमडेगा के सूचना भवन में जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा न्यू मीडिया की भूमिका पर प्रेस संगोष्ठी आयोजित हुई। उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने मीडिया को समाज में सकारात्मक संदेश देने पर जोर दिया।
- पूर्वी सिंहभूम में पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर सरगना समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने छापेमारी में 15 लाख रुपए की 150 ग्राम ब्राउन शुगर, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की।

*******************

भारत में आज नजर नहीं आया माह ए रमजान का चांद, 2 मार्च को पहला रोज़ा रखा जाएगा। कल शाम होगी तराविह की नमाज़, आसमान में चांद के दीदार न होने पर रमजान की शुरुआत रविवार से होगी।

*******************

झारखंड में मौसम का उतर चढ़ाव जारी है। गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा और लोहरदगा में कल हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। रांची में आंशिक बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश की संभावना कम है। आज जमशेदपुर में 32.5 डिग्री सेल्सियस और रांची में 29.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

*******************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में आज अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला जारी है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 273 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के सामने 274 रनों का लक्ष्य है।

******समाप्त*******